# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक...8428/ 28 /2017/चयन

इन्दौर दिनांक 18 AUG 2017

## //विज्ञप्ति//

## सहायक यंत्री (यांत्रिकी) पद हेतु साक्षात्कार की उम्मीद्वारी निरस्त किये जाने बाबद सूचना ।

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 05/परीक्षा/2016/दिनांक 14.06.2016 के अन्तर्गत सहायक यंत्री (यांत्रिकी) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया हैं । उक्त विज्ञापन के अंतर्गत उपरोक्त पद हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 21.12.2016 से 22.12.2016 तक किया गया था । लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 06.07.2017 को धोषित किया गया हैं ।

2/ लिखित परीक्षा के परिणाम में समस्त अर्ह आवेदकों को निर्देशित किया गया था कि आयोग की वेबसाइट से व्यक्तिगत विवरण पत्रक, अनुप्रमाणन फार्म की 01 प्रति प्राप्त की जाकर उसकी आवश्यक पूर्ति कर शैक्षणिक अर्हताओं के अभिलेख सहित आवेदन आयोग कार्यालय में दिनांक 08.08.2017 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । जिन आवेदकों के अभिलेख प्रपत्रो सहित आयोग को प्राप्त नहीं होगें उन आवेदकों के संबंध में यह माना जावेगा कि वे साक्षात्कार की प्रकिया में सम्मिलित नहीं होना चाहते हैं । ऐसे आवेदकों की साक्षात्कार की उम्मीद्वारी निरस्त की जावेगी ।

3/ निम्नलिखित आवेदकों के अभिलेख आयोग कार्यालय में प्राप्त नहीं होने से आदेशानुसार साक्षात्कार की उम्मीद्वारी निरस्त की जाती हैं :–

| स.क. | रोलनंबर | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 01. | SEME101355 | पलक तिवारी | अनारक्षित |
| 02. | SEME104655 | विकास जैन | अनारक्षित |
| 03. | SEME121763 | निहाल कौशल | अनारक्षित |
| 04. | SEME101192 | आयुष पट्टइया | अ.पि.वर्ग |
| 05. | SEME104468 | राहुल चन्देल | अ.जा. |
| 06. | SEME105506 | परवेश कुमार भारती | अ.जा. |

4/ उपरोक्त पद हेतु साक्षात्कार की उम्मीद्वारी निरस्त किए जाने के संबंध में अगर आवेदकों को कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाना है तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस की अवधि में आयोग को आपत्ति अभ्यावेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिन आवेदकों के आपत्ति अभ्यावेदन आयोग द्वारा निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होगें, ऐसे आपत्ति अभ्यावेदन बिना विचार किए नस्तीबद्व किए जावेगें ।

उप परीक्षा नियंत्रक